मूल्य 1 रु.
वर्ष: 15 - अंक : 58, मुंबई, बुधवार, 18 जून, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर










## निर्माता-निर्देशक रूपेश राय सिकंद के बर्थडे सेलिब्रेशन में शामिल हुए दिलशाद एस. खान सहित कई दिग्गज

### दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान सहित सभी मेहमानों ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

(समाचार पृष्ठ 7 पर)

## 'गर्भपात की अनुमति दीजिए'



### अकोला की 12 वर्षीय बच्ची की हाईकोर्ट से भावनात्मक अपील

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अकोला जिले की एक 12 वर्षीय नाबालिग बलात्कार पीड़िता ने मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ से गर्भपात की अनुमति मांगी है। पीड़िता ने याचिका में निवेदन किया है कि यदि गर्भपात की इजाजत नहीं दी गई, तो उसका संपूर्ण जीवन बर्बाद हो जाएगा। पीड़िता ने कहा है कि यह गर्भ उसकी इच्छा के खिलाफ है, और इससे उसे मानसिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अपूरणीय क्षति होगी। याचिका के अनुसार, फिलहाल उसके गर्भ में 28 सप्ताह का भ्रूण है। हालांकि, याचिकाकर्ता की ओर से आग्रह किया गया है कि विशेष परिस्थितियों को देखते हुए गर्भपात की अनुमति दी जाए।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## महाराष्ट्र स्कूलों में अब हिन्दी नहीं होगी कंपलसरी

### मराठी भाषा को मिला पहला दर्जा




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी भाषा अब कंपलसरी नहीं होगी। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने नया सरकारी निर्णय जारी किया है। मराठी-अंग्रेजी के बाद अब हिन्दी तीसरी भाषा होगी। क्लास- 1 से 3 तक हिंदी को अनिवार्य नहीं रखा जाएगा। राज्य सरकार के इस फैसले के बाद राजनीति गर्मा गयी है। सरकारी फैसले के अनुसार, क्लास-1 से त्रिभाषा फॉर्मूला अपनाया जाएगा। अगर कक्षा में 20 से अधिक छात्र हिंदी के बजाय अन्य भाषा सीखना चाहते हैं, तो शिक्षक इसे उपलब्ध कराएंगे या भाषा विषय को ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा। स्कूल शिक्षा 2024 के लिए राज्य पाठ्यक्रम योजना के अनुसार, मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के लिए हिंदी अब तीसरी भाषा होगी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## उद्धव-राज ठाकरे को बड़ा झटका



### वरिष्ठ नेताओं ने बीजेपी का थामा हाथ, भाजपा ने कहा- असली खेल अभी बाकी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) को बड़ा झटका लगा है। दोनों पार्टियों के कई वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। बीजेपी की तरफ से इसको लेकर अलग ही बयान है। बीजेपी ने का दावा किया है कि इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। ये तो बस शुरूआत है, असली खेल अभी बाकी है। दरअसल, मंगलवार को शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ पूर्व विधायक बाबनराव घोलप और नासिक के पूर्व उपनेता सुधाकर बडगुजर बीजेपी में शामिल हो गए। इसके अलावा, मनसे प्रमुख राज ठाकरे के करीबी माने जाने वाले और नाशिक के पूर्व महापौर अशोक मुर्तडक ने भी बीजेपी का दामन थाम लिया। जून के पहले सप्ताह में बडगुजर ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की थी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## हमारी बात

### एक उपलब्धि, एक चुनौती

**दुनिया में चावल का लगभग 40 फीसदी हिस्सा अब भारत में पैदा हो रहा है। चावल पैदावार में भारत नंबर वन बन गया है। मगर विशेषज्ञों ने देश को मिली इस सफलता के साथ पेश आईं चुनौतियों से भी आगाह किया है।**

भारत दुनिया में चावल का सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया है। अमेरिका के कृषि मंत्रालय के आकलन के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष में भारत ने इस मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया, जब अपने यहां चावल की पैदावार 14 करोड़ 91 लाख टन तक पहुंच गई। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन का अनुमान है कि दुनिया में चावल का लगभग 40 फीसदी हिस्सा भारत में पैदा हो रहा है। पिछले वित्त वर्ष में भारत ने दो करोड़ टन चावल का निर्यात किया, जो 2023-24 से 23 फीसदी ज्यादा है। इस निर्यात से भारत को 1.05 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई। बहरहाल, विशेषज्ञों ने भारत को इस सफलता के साथ पेश आई चुनौतियों से आगाह किया है। ध्यान दिलाया गया है कि बेशक कुल उत्पादन के मामले में भारत चीन से आगे निकल गया है, मगर प्रति हेक्टेयर उत्पादकता के मामले में अभी भी काफी पीछे है। चीन में ये उत्पादकता दर 7.1 टन है, जबकि भारत में 4.3 टन। फिर बात इतनी ही नहीं है। भारत को ये सफलता दाल और तिलहन की कीमत पर मिली है। धान की फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदारी के आश्वासन के कारण किसानों ने कई इलाकों में अरहर या सोयाबीन की खेती छोड़ धान पैदा करना शुरू कर दिया है। नतीजतन, पिछले वित्त वर्ष में भारत का दलहन आयात 49 प्रतिशत बढ़ गया। ये आयात 46,428 करोड़ रुपये का रहा। उधर खाद्य तेलों का आयात 1.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। तो जो लाभ चावल से हुआ, उसे तेल और दालों बराबर कर दिया। फिर समस्या यह भी है कि धान की खेती में दहलन या तिलहल की तुलना में चार से पांच गुना अधिक पानी की जरूरत पड़ती है। अतः भारत जैसे भू-जल की किल्लत वाले देश में धान की एक सीमा से ज्यादा खेती नई मुश्किलें खड़ी कर सकती है। तो क्या उपाय दलहन और तिलहन के लिए भी अधिक एमएसपी देना है? जाहिर है, सफलता से साथ एक असंतुलन पैदा हुआ है। नीतिकारों के सामने चुनौती संतुलन कायम करने की है।

# 'मृदंगों की गूंज और सृजन की झलकियाँ': सोफिया कॉलेज का वार्षिक महोत्सव 'महऱार 2025' का भव्य आगाज

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** एशिया के सबसे बड़े कॉलेज फेस्ट में से एक, सोफिया कॉलेज का वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'महऱार 2025' अगस्त माह में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। यह तीन दिवसीय उत्सव इस वर्ष 14, 15 और 16 अगस्त को आयोजित होगा, जो कला, संगीत, नाट्य, वक्तृत्व, प्रदर्शन और रचनात्मकता का जीवंत संगम बनेगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी 20,000 से अधिक दर्शकों की उपस्थिति और सैकड़ों प्रतियोगिताओं के साथ यह आयोजन यादगार बनने जा रहा है।




**थीमः 'महऱारः एक दुनिया भीतर'**

इस वर्ष का विषय महऱारः एक दुनिया भीतर हमारे अंतरतम में बसे अनंत ब्रह्मांड की खोज और समझ को केंद्र में रखता है। यह सिर्फ आयोजन नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव है, जो ऊर्जा, विचारों और संभावनाओं से निर्मित होता है। यह आयोजन हर व्यक्ति को उसकी भीतरी दुनिया से जोड़ता है और एक साझा ब्रह्मांड की रचना करता है।

**लोगो की खास प्रस्तुति**

इस वर्ष का प्रतीक (लोगो) भी थीम के अनुरूप गहन विचारों से प्रेरित है। यह प्राचीन सेल्टिक त्रिकेत्रा से प्रेरित है, जिसमें तीन आयामों-भीतरी संसार, भौतिक संसार और भीतरी संवेदनाएँ - को तीन प्रमुख आकृतियों के रूप में दिखाया गया है। केंद्र में एक स्वर्ण सितारा इन सभी आयामों में संतुलन का प्रतीक है।

**प्रसिद्ध हस्तियों की भागीदारी**

हर वर्ष की तरह इस बार भी देश-विदेश से प्रसिद्ध विचारक, कलाकार और प्रेरक वक्ता इस आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। आयोजकों के अनुसार, 2025 में कई प्रतिष्ठित नामों के आने की संभावना है, जिनकी घोषणा जल्द की जाएगी।

**नाराः 'एक दुनिया भीतर'**

इस वर्ष का नारा है - एक दुनिया भीतर - जो महऱार को सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मा और समाज के बीच सेतु के रूप में प्रस्तुत करता है।

# गोविंद नगर पुलिस और क्राइम ब्रांच से मुठभेड़ में पकड़ा गया रंगदारी के लिए गोलियां चलाने वाला शातिर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की अगुवाई वाली कमिश्नरेट पुलिस ने दक्षिणी क्षेत्र के गोविंद नगर में मुठभेड़ के दौरान शातिर अपराधी को पर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली। उसके पास से तमंचा कारतूस और मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। अब पुलिस मौके से फरार हुए उसके साथी की भी तलाश कर रही है। अवगत कराते चलें कि बीती 8 जून को इसी शातिर अपराधी ने अपने साथी के साथ मिलकर बिल्हौर में आभूषणों की दुकान खोले थाना गोविंद नगर क्षेत्रान्तर्गत रहने वाले एक प्रतिष्ठित व्यापारी अनिल गुप्ता पर दुकान बंद कर कार से घर लौटते समय 50 लाख की रंगदारी की मांग को लेकर न केवल उनका पीछा किया था बल्कि एक दो बार कॉल करने के साथ ही गोलियां चलाकर जानलेवा हमला भी किया था।

इस गंभीर प्रकरण के दृष्टिगत थाना गोविंद नगर में सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर तत्काल प्रभाव से पुलिस आयुक्त अखिल कुमार के निर्देशन में गठन कर चार विशेष टीमों क्राइम ब्रांच मुख्यालय, दक्षिण जोन क्राइम ब्रांच, सर्विलांस तथा थाना गोविंद नगर पुलिस को लगाया गया था। इस बीच गोविंद नगर के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह की अगुवाई में, अतिरिक्त इंस्पेक्टर अभय सिंह रतन लाल नगर चौकी प्रभारी मनीष चौहान, मिल्क बोर्ड प्रभारी मोहित राणा, रेलवे कॉलोनी प्रभारी धन सिंह,गोविंद नगर चौकी प्रभारी शिवा सिंह, उप निरीक्षक रवीश सिंह, अजय कुमार, अमित फौजदार मनीष सिंह, गुरशरण दुबे कांस्टेबल गौरव और विष्णु कुमार की टीम सीसीटीवी कैमरों के साथ ही सर्विलांस के जरिए भी बदमाशों का लोकेशन पता लगाने में जुटी रही अंततः इस परिश्रम का परिणाम तब सामने आया जब बड़ी वारदात को अंजाम देने की सूचना पर रोकने के बावजूद भी मोटरसाइकिल से भागने के दौरान बचने के लिए इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह की अगुवाई वाली टीम पर इस अपराधी और उसके साथी ने हत्या के इरादे से फायरिंग शुरू कर दी ,जिसके जवाब में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली पैर में लगने से मोटरसाइकिल समेत गिरने पर दक्षिण क्राइम ब्रांच एवं गोविंद नगर पुलिस ने अनुज तिवारी पुत्र हरवंश तिवारी निवासी आनंद नगर, थाना रावतपुर को तमंचे और कारतूसों समेत गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली। अब पुलिस 50 लाख की रंगदारी के लिए व्यापारी पर गोली चलाने की घटना में संलिप्तता स्वीकार करने वाले मुठभेड़ में गिरफ्तार अपराधी अनुज तिवारी के फरार साथी छोटू की भी तलाश कर रही है।

मुठभेड़ की सूचना मिलने पर दक्षिण के अपराधियों पर शिकंजा करने में लगातार जुटे डीसीपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने वाले पुलिस कर्मियों का उत्साह वर्धन भी किया। माना जा रहा है कि इस साहसिक कार्रवाई से व्यापारिक समुदाय में व्याप्त भय एवं आक्रोश का वातावरण समाप्त होगा।

कुल मिलाकर सफल नेतृत्व कुशलता वाले तेजतर्रार और व्यवहार कुशल पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की अगुवाई वाली यह कार्यवाही कमिश्नरेट पुलिस की तत्परता, सजगता एवं दृढ़ संकल्प का भी विशुद्ध प्रगाढ़ परिचायक भी है। जिसके तहत स्पष्ट संदेश भी दिया गया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# भारत बना चीनी अड्डा?

**भारत में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी, सोलर पैनल आदि का उत्पादन बेशक बढ़ा है। लेकिन ये तमाम कामयाबियां वैल्यू शृंखला के डाउन स्ट्रीम से संबंधित हैं, जबकि अप स्ट्रीम के मामले में चीन पर भारत की निर्भरता बढ़ गई है।**

एक बिजनेस अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक चीन की स्मार्टफोन और इलेक्ट्रॉनिक कंपनियां अपने भारत स्थित संयंत्रों के जरिए पश्चिम एशिया, अफ्रीका, और यहां तक कि अमेरिका को अपने उत्पाद भेज रही हैं। ये उत्पाद पहले चीन से भारत स्थित संयंत्रों को भेजे जाते हैं। फिर वहां से उनका दुनिया के दूसरे हिस्सों में निर्यात किया जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक पहले इन उत्पादों का निर्यात सीधे चीन से या वियतनाम स्थित चीनी कंपनियों के संयंत्रों से किया जाता था। मगर दुनिया में बदले व्यापार माहौल के कारण वहां ऐसा करने में कई पेचीदगियां आ गई है। उधर भारत सरकार ने निर्यात प्रोत्साहन और स्थानीय उत्पादन बढ़ाने को अपनी प्राथमिकता बनाई है। इसका लाभ चीनी कंपनियां उठा रही हैं। अखबार ने यह निष्कर्ष रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास चीन कंपनियों के जमा दस्तावेजों का अध्ययन कर निकाला है। वैसे इसकी पुष्टि अमेरिकी थिंक टैंक हिनरिक फाउंडेशन की पिछले महीने आई एक अध्ययन रिपोर्ट से भी होती है। इस रिपोर्ट के आधार पर एक अमेरिकी अर्थशास्त्री ने कहा है कि मेक इन इंडिया तेजी से मेड इन चाइना का समानार्थी बन गया है। हिनरिक फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी, सोलर पैनल आदि का उत्पादन बेशक बढ़ा है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# बार्बिक्यू नेशन ने किया कुक्कड़ कार्निवल चिकन फेस्टिवल लॉन्च

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** दुनिया भर में अपने लजीज बुफे की बेहतरीन वैरायटी के लिए प्रसिद्ध रेस्टोरेंट श्रृंखला बार्बिक्यू नेशन द्वारा कुक्कड़ कार्निवल-चिकन फेस्टिवल को लॉन्च करने की घोषणा की गई। देशभर के फूडीज इस फेस्टिवल में स्पेशल चिकन मेनू का आनंद 10 जून से 10 जुलाई तक बार्बिक्यू नेशन रेस्टोरेंट में ले सकेंगे! भारत की अग्रणी रेस्टोरेंट श्रृंखला बार्बिक्यू नेशन अपने लाइव ग्रिल्स और विस्तृत बुफे के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है और इस कुक्कड़ कार्निवल- चिकन फेस्टिवल के द्वारा वह अपने ग्राहकों को स्वादिष्ट डाइनिंग का एक अनोखा अनुभव देना चाहते हैं।



देशभर के नॉनवेज फूड लवर्स इस फेस्टिवल में स्पेशल एवं मनमोहक डिशेज का आनंद उठा सकते हैं जिनमें उल्लेखनीय हैः चिकन मरग सूप,स्टार्टर्स में - भुना रसीला कुक्कड़, चिकन कीमा समोसा, चिकन कीमा पाव, हरा मसाला तवा चिकन, स्टफड चिकन चीज टिक्की, क्रिस्पी चिकन स्ट्रिप्स, चिल्ली स्वीट चिकन विंग्स। मेन कोर्स में -चिकन हलीम, दम का मुर्ग, मुर्ग चंगेजी, और तंदूरी घी रोस्ट चिकन बिरयानी। फेस्टिवल में मिठास भरने के लिए स्वादिष्ट डिजर्ट्स भी होंगे जैसे झ मीठी बूंदी और राबड़ी के मिश्रण से बना बेक्ड माही, पिस्ता और ड्राइ फ्रूट से भरी फिरनी, एवं तरो-ताजा करने वाली पान, चॉकलेट और मैंगो कुल्फी।

शाकिर अली, वेस्ट रीजनल मैनेजर ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहाः हम अपने ग्राहकों को हर बार डाइनिंग का एक उत्कृष्ट अनुभव देना चाहते हैं और इसी सिलसिले में नवीनतम पेशकश है कुक्कड़ फेस्टिवल-जो देश भर के नॉनवेज फूड लवर के लिए हमारी ओर से एक नायाब तोहफा है। इसमें हमने अपनी सिग्नेचर डिशेज और इनोवेशन को ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए खूबसूरती से ब्लेंड किया है।

बार्बिक्यू नेशन की परंपरा के अनुसार ही इस फेस्टिवल में भी रेस्टोरेंट की एंबिएंस, डेकोर और वेटर्स की पोशाक थीम बेस्ड होगी और ग्राहकों को एक एक्सक्लूसिव थीम एक्सपीरियंस प्राप्त होगा। स्वाद और जायके के इस हसीन कार्निवल का हिस्सा बनने के लिए 10 जून से 10 जुलाई तक अपने नजदीकी बार्बिक्यू नेशन रेस्टोरेंट में विज़िट करें। इस मौके पर राहुल अग्रवाल, सीईओ, बार्बिक्यू नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड ने कहाः इस फेस्टिवल के द्वारा हम अपने अजीज ग्राहकों को एक रिफ्रेशिंग और यूनिक डायनिंग एक्सपीरियंस प्रदान करना चाहते हैं। नॉन वेज और वेज खाने को खुद ग्रिल करके खाने के कांसेप्ट यानी कि डू इट योरसेल्फ कांसेप्ट का भारत में पायनियर बार्बिक्यू नेशन रेस्टोरेंट है। इसका पहला रेस्टोरेंट मुंबई में 2006 में खुला था। बार्बिक्यू नेशन का विजन है डाइनिंग का उत्कृष्ट एवं संपूर्ण अनुभव बहुत ही किफायती दामों में देना। उत्कृष्ट सर्विस और ग्राहक संतुष्टि की फिलॉसफी के कारण ही चेन का पूरे भारत में तेजी से विस्तार हुआ। इन वर्षों में देश के 80+ शहरों में 190+ रेस्टोरेंट्स खोलकर सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए गए। इस दौरान ब्रांड ने इंटरएक्टिव लाइव काउंटर, स्वादिष्ट कुल्फी और बार्बिक्यू इन ए बॉक्स जैसे कई इनोवेटिव कॉन्सेप्ट्स भी पेश किए, जिन्हें ग्राहकों का भरपूर प्यार मिला।

# गांवों में बनेंगे मौसम केंद्र, महावेद परियोजना विस्तार को कैबिनेट की मंजूरी, किसानों को मिलेगी मदद

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में मंगलवार को महाराष्ट्र कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 10 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें केंद्र सरकार की विंड्स (मौसम सूचना नेटवर्क डेटा सिस्टम) परियोजना के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर स्वचालित मौसम केंद्र (एडब्ल्यूएस) स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 'महावेद' परियोजना को पांच साल के लिए बढ़ाया जाएगा। राज्य के सभी गांवों को सटीक मौसम की जानकारी देने के साथ-साथ किसानों को मौसम आधारित कृषि सलाह और मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए यह परियोजना महत्वपूर्ण साबित होगी। परियोजना में राज्य में राजस्व मंडल स्तर पर स्वचालित मौसम केंद्र (एडब्ल्यूएस) स्थापित किए गए हैं। ये स्टेशन तापमान, वर्षा, सापेक्ष आर्द्रता, हवा की गति और दिशा जैसे मौसम मापदंडों की जानकारी देते हैं। इस जानकारी का उपयोग राहत और पुनर्वास सहित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने के लिए भी किया जाता है। परियोजना के कार्यान्वयन के लिए मेसर्स स्काईमेट वेदर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को सेवा प्रदाता के रूप में नियुक्त किया गया है। यह केंद्र उन ग्राम पंचायतों को छोड़कर अन्य ग्राम पंचायतों में स्थापित किए जाएंगे, जहां राजस्व मंडल स्तर पर महावेध परियोजना के तहत



स्वचालित मौसम केंद्र पहले से ही स्थापित हैं। यदि केंद्र ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित किए जाते हैं, तो सूखा, आग, बाढ़, ओलावृष्टि, बादल फटना, शीतलहर, कड़ाके की ठंड आदि प्राकृतिक आपदाओं के अनुसार मौसम की जानकारी उपलब्ध होगी। कृषि विभाग महावेध के लिए नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा।

**आदिवासी औद्योगिक क्लस्टर के लिए जांबुटके में जमीन**

कैबिनेट बैठक में आदिवासी औद्योगिक क्लस्टर के लिए महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम को नासिक जिले के मौजे जांबुटके (तमिल डिंडोरी) में 29 हेक्टेयर 52 आर. भूमि के आवंटन को मंजूरी दी गई। निर्णय से आदिवासी समुदाय के इच्छुक उद्यमियों को अपना उद्योग स्थापित करने के लिए भूखंड उपलब्ध होंगे। आदिवासी क्षेत्रों में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दृष्टि से यह निर्णय महत्वपूर्ण है।

**मेसर्स रायगढ़ पेन ग्रोथ सेंटर के लिए स्टाम्प ड्यूटी में छूट**

कैबिनेट बैठक में एमएमआरडीए और मेसर्स रायगढ़ पेन ग्रोथ सेंटर लिमिटेड की संयुक्त परियोजना के लिए आवश्यक भूमि पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट को मंजूरी दी गई। इसमें परियोजना भूमि संबंधी समझौते पर स्टाम्प ड्यूटी में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। पेन तालुका में स्थापित होने वाला यह ग्रोथ सेंटर नए शहर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में शामिल है। परियोजना के माध्यम से एमएमआरडीए ने एकीकृत बंदोबस्त नीति के अनुसार 1217.71 एकड़ भूमि को विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के नाम पर पंजीकृत करने का प्रस्ताव दिया है। यदि यह परियोजना क्रियान्वित होती है, तो फिनटेक कंपनियां, शैक्षणिक और स्वास्थ्य सुविधाएं, मनोरंजन पार्क, किफायती आवास, वाणिज्यिक केंद्र, खुदरा और निर्माण क्षेत्र विकसित होंगे। इससे स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से विश्व स्तरीय योजना के आधार पर निर्मित होने वाली यह राज्य की पहली बड़ी परियोजना है। इसलिए यह ग्रोथ सेंटर विदेशी निवेश को आकर्षित करेगा।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**महाराष्ट्र स्कूलों में अब हिन्दी नहीं होगी कंपलसरी**

अगर ये छात्र हिंदी के बजाय तीसरी भाषा के रूप में अन्य भारतीय भाषाओं में से किसी एक को सीखने की इच्छा दिखाते हैं, तो उन छात्रों को तीसरी भाषा के रूप में उस भाषा को सीखने की मंजूरी दी जाएगी। बशर्ते, स्कूल में कक्षावार ऐसे छात्रों की संख्या कम से कम 20 होनी चाहिए जो तीसरी भाषा के रूप में हिंदी के बजाय अन्य भाषाएं सीखने की इच्छा दिखाते हैं। अगर कम से कम 20 छात्र हिंदी के अलावा किसी अन्य तीसरी भाषा को सीखने में रुचि दिखाते हैं, तो उस भाषा को पढ़ाने के लिए एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा, वरना वह भाषा ऑनलाइन पढ़ाई जाएगी। सभी माध्यम के स्कूलों में मराठी अनिवार्य भाषा होगी। देवेंद्र फडणवीस सरकार ने पहले फैसला लिया था कि पहली कक्षा से ही त्रिभाषा फार्मूला लागू होगा, जिसमें मराठी और इंग्लिश माध्यम के स्कूलों में तीसरी भाषा हिंदी अनिवार्य होगी। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अमल के साथ राज्य पाठ्यक्रम ढांचे को लागू करते हुए लिया गया था, लेकिन इस पर कई राजनेताओं और शिक्षक संगठनों ने तीव्र विरोध किया। इसके बाद शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने घोषणा की कि सरकार यह निर्णय वापस ले रही है। आदेश में कहा गया है कि मराठी और इंग्लिश माध्यम के स्कूलों में पहली से पांचवीं तक हिंदी सामान्यतः तीसरी भाषा होगी, लेकिन अगर कोई विद्यार्थी हिंदी के स्थान पर किसी अन्य भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ना चाहता है, तो उसे इसकी अनुमति दी जाएगी। हालांकि, इसके लिए कम से कम 20 विद्यार्थियों की इच्छा आवश्यक होगी। यानी किसी अन्य भाषा को पढ़ाने के लिए न्यूनतम 20 छात्रों की रुचि होनी चाहिए। सभी माध्यमों के स्कूलों में मराठी भाषा अनिवार्य होगी। इस फैसले के कार्यान्वयन की ज़िम्मेदारी शिक्षा आयुक्त, महाराष्ट्र शासन, पुणे को दी गई है। मराठी और इंग्लिश माध्यम के अलावा अन्य माध्यमों के स्कूलों में भी पहली से पांचवीं तक माध्यम भाषा, मराठी और इंग्लिश – ये तीनों भाषाएं पढ़ाई जाएंगी। छठी से दसवीं कक्षा तक की भाषा नीति राज्य पाठ्यक्रम ढांचे के अनुसार होगी।

**उद्धव-राज ठाकरे को बड़ा झटका**

इस पर नाराजगी जताते हुए उद्धव ठाकरे ने दो दिन बाद उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में शिवसेना (यूबीटी) से निष्कासित कर दिया था। हालांकि, स्थानीय बीजेपी विधायक सीमा हिरे ने बडगुजर के खिलाफ एक गंभीर आपराधिक मामले का हवाला देते हुए उनके बीजेपी में शामिल किए जाने विरोध किया है। वहीं, बाबनराव घोलप ने यूबीटी में हो रहे असम्मानजनक व्यवहार को पार्टी छोड़ने का कारण बताया। अशोक मुर्तडक ने कहा कि उन्होंने नासिक के विकास के लिए बीजेपी जॉइन करने का निर्णय लिया है, विशेष रूप से 2027 में होने वाले नासिक कुंभ को ध्यान में रखते हुए। इधर, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने भी उद्धव गुट को झटका दिया है। मंगलवार को नासिक से शिवसेना (यूबीटी) के कुछ पूर्व नगरसेवकों ने शिंदे गुट ज्वाइन किया है। ये सभी नेता सुबह शिंदे गुट में शामिल हुए, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि नासिक की सियासत में बदलाव की लहर शुरू हो चुकी है।

**'गर्भपात की अनुमति दीजिए'**

बालिका अकोला जिले के बालापुर क्षेत्र की निवासी है और आठवीं कक्षा की छात्रा है। वह अपने माता-पिता और दो बहनों के साथ रहती है। आरोप है कि पास में रहने वाले एक रिश्तेदार ने 2024 में कई बार उसके साथ बलात्कार किया। डर और शर्म के चलते वह चुप रही। बाद में जब तबीयत बिगड़ी, तो जांच में गर्भवती होने का खुलासा हुआ। परिजनों ने तत्काल पुलिस में शिकायत की। 5 जून 2025 को आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है। सोमवार को न्यायमूर्ति नितिन सांबरे और न्यायमूर्ति सचिन देशमुख की खंडपीठ ने इस याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने अकोला के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को निर्देश दिया कि एक विशेष मेडिकल बोर्ड का गठन कर पीड़िता की मेडिकल जांच की जाए। बोर्ड को मंगलवार तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी कि गर्भपात पीड़िता के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है या नहीं। पीड़िता की ओर से अधिवक्ता सोनिया गजभिये ने कोर्ट में कहा, यह केवल एक कानूनी मामला नहीं, बल्कि एक मासूम बच्ची के जीवन का प्रश्न है। अगर यह गर्भ जारी रहा, तो उसका पूरा बचपन और भविष्य दांव पर लग जाएगा। वह अब भी छात्रा है और उसे समाज में सम्मान से जीने का अधिकार है।

## जी7 देश के नेताओं ने इजराइल का समर्थन किया, कहा

# ईरान क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का स्रोत परमाणु हथियार बनाने की नहीं देंगे मंजूरी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

इजराइल-ईरान में पिछले पांच दिनों से संघर्ष जारी है। इस तनाव के बीच मंगलवार को ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) देशों के नेताओं ने मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की है। इसके साथ ही इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार को सपोर्ट किया है। शिखर सम्मेलन से जारी एक संयुक्त बयान में,जी7 नेताओं ने ईरान को क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का 'मुख्य स्रोत' बताया है। उन्होंने ईरान को कभी भी परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी पक्षों से गाजा में युद्ध विराम और तनाव कम करने की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया है।

बयान में कहा गया है कि हम जी7 के नेता, मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। इस संदर्भ में, हम पुष्टि करते हैं कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। हम इजराइल की सुरक्षा के लिए अपना समर्थन दोहराते हैं। हम नागरिकों की सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि करते हैं। ईरान क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का मुख्य स्रोत है। हमारा स्पष्ट मत है कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। इसके साथ हम ये भी आग्रह करते हैं कि ईरानी संकट का समाधान हो जिससे मिडिल ईस्ट में तनाव कम हो। हम गाजा में भी युद्धविराम चाहते हैं। बयान में बढ़ते तनाव के बीच उर्जा बाजार की स्थिरता को बनाए रखने के लिए जी7 की कार्रवाई करने की तत्परता को भी रेखांकित किया गया है।

*जी7 देश के नेताओं ने कहा है कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। हम इजराइल की सुरक्षा के लिए अपना समर्थन दोहराते हैं। हम नागरिकों की सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि करते हैं। जी7 ने सभी पक्षों से गाजा में युद्ध विराम और तनाव कम करने की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया है*

**खास बातें**
- जी7 ने मिडिल-ईस्ट में शांति और स्थिरता का किया समर्थन
- गाजा में युद्ध विराम और तनाव कम करने की अपील भी की



### अगली जी7 समिट फ्रांस में होगी

*अगली जी7 समिट फ्रांस में होगा। उधर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी को कनानास्किस में जी7 नेताओं (तथा अन्य वैश्विक मेहमानों) की मेजबानी करने के लिए धन्यवाद दिया। इससे पहले हुई बैठक में यूरोपीय कांउसिल अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा, जापान के पीएम शिगेरु इशिबा, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी, यूएसए के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन उपस्थित रहीं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की जी7 समिट में पहुंचे।*

### ईरान समझौता करे तो टल सकता है संकट: ट्रंप

ट्रंप ने कनाडा में जारी जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर वाशिंगटन रवाना होने से पहले सोमवार रात को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ एक संदेश में लिखा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। ट्रंप ने दोहराया है कि अगर ईरान संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर सहमत होता है, तो वर्तमान संकट से बचा जा सकता था।

### 20 देशों की संघर्षविराम की अपील

*20 देशों ने एक संयुक्त बयान जारी कर पश्चिम एशिया में तनाव कम करने और ईरान-इजराइल में संघर्षविराम की अपील की है। जिन देशों ने यह अपील की है, उनमें अल्जीरिया, बहरीन, ब्रुनेई, चाड, कोमोरोस, जिबूती, मिस्त्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लीबिया और मौरीटानिया ने सैन्य तरीके से विवाद का हल ढूंढने को खारिज कर दिया।*

### तेहरान खाली होने लगा

ट्रंप की चेतावनी के बाद तेहरान का पुराना इलाका मंगलवार सुबह से ही खाली होने लगा और कई दुकानें बंद रहीं। शहर का प्राचीन 'ग्रैंड बाजार' भी बंद रहा। ऐसा पहले सिर्फ सरकार विरोधी प्रदर्शनों या कोरोना वायरस महामारी के चरम पर ही हुआ था। तेहरान से पश्चिम की ओर जाने वाली सड़कों पर यातायात जाम की स्थिति देखी गई। कई लोग कैस्पियन सागर क्षेत्र की ओर जाते दिखाई दिए। तेहरान में पेट्रोल पंपों पर भी लंबी कतारें देखी गईं।

### पाक सेना प्रमुख मुनीर को अमेरिका में प्रदर्शनकारियों ने सामूहिक हत्यारा, तानाशाह कहा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर को कुछ प्रदर्शनकारियों ने सामूहिक हत्यारा, गीदड़ और तानाशाह कह कर उनकी हूटिंग की। प्रदर्शनकारियों ने वाशिंगटन के एक होटल में पहुंचने पर मुनीर के खिलाफ अपशब्दों का भी इस्तेमाल किया और उनसे पाकिस्तान को मुक्त करने के नारे लगाए। दरअसल कुछ पाकिस्तान लोगों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में मुनीर के काफिले को वाशिंगटन के फोर सीज़न होटल में पहुंचते हुए दिखाया गया है। वीडियो में प्रदर्शनकारियों का एक ग्रुप असीम मुनीर को घेरने की कोशिश करने लगता है।

## असम में ओएनजीसी के कुए में गैस रिसाव का मामला

# स्थानीय निवासियों को सुरक्षित निकाला, राहत और सहायता जारी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने गैस रिसाव को नियंत्रित करने के लिए असम में ओएनजीसी की कुएं नियंत्रण गतिविधियों की समीक्षा की और अपडेट लिया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुए में उच्च दबाव के कारण पिछले चार दिनों से गैस का प्रवाह जारी है। स्थानीय निवासियों को पहले दिन ही तुरंत निकाल लिया गया था और उन्हें सभी तरह की राहत और सहायता प्रदान की जा रही है। ओएनजीसी के अन्य कार्य केंद्रों से सक्षम कर्मियों को लाया गया है और आग पर काबू पाने के लिए उच्च क्षमता वाले फायर पंप, फ्रैक पंप, मड आदि सभी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने कुआ नियंत्रण गतिविधियों की समीक्षा की

उच्च दबाव के कारण कुए में चार दिनों से गैस का प्रवाह जारी



### जल्द नियंत्रण का प्रयास

कंपनी ने कहा कि भूवैज्ञानिक चुनौतियां तेल और गैस संचालन में अंतर्निहित होती हैं। भारत की प्रमुख ऊर्जा कंपनी के रूप में ओएनजीसी कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करती है। ओएनजीसी गैस रिसाव को जल्द से जल्द पूरी तरह से नियंत्रण में लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

### 'जंक पंपिंग' जैसे हाई टेक मेथड का इस्तेमाल कर रहे

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 'जंक पंपिंग' जैसे हाई टेक मेथड का भी इस्तेमाल किया जा रहा है और ओएनजीसी के अधिकारी अंतरराष्ट्रीय विदेशी विशेषज्ञों के साथ लगातार संपर्क में हैं। आग को रोकने और शीतलन प्रभाव के लिए लगातार पानी की व्यवस्था की जा रही है। ओएनजीसी ने कुआ आरडीएस147 में गैस रिसाव को रोकने के लिए अपनी सबसे अनुभवी संकट प्रबंधन टीम (सीएमटी) को तैनात किया है।

### प्रभावितों के स्वास्थ्य की चिंता की

ओएनजीसी ने घटना के बाद जिला प्रशासन के साथ मिलकर प्रभावित परिवारों को सुरक्षित निकालने का काम किया। साथ ही लोगों के लिए सुरक्षित आश्रय, पौष्टिक भोजन, स्वच्छ पेयजल और आवश्यक दैनिक आपूर्ति सुनिश्चित की गई। ओएनजीसी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अपने इमरजेंसी रिस्पॉन्स के तहत डॉक्टरों और आवश्यक दवाओं से लैस चौबीसों घंटे निःशुल्क चिकित्सा शिविर स्थापित किए हैं। पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए ओएनजीसी जिला और पुलिस प्रशासन, मीडिया और स्थानीय समुदाय के नेताओं सहित सभी हितधारकों के साथ लगातार बातचीत कर रही है।

## ये क्या हो रहा है? एयर इंडिया की एक के बाद एक सात उड़ानें रद्द

# अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट रद्द, दिल्ली से पेरिस गैटविक से अमृतसर की उड़ान भी बाधित हुई



अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बाद एयरलाइन के ऑपरेशन में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। मंगलवार को एयर इंडिया इंटरनेशनल की कुल सात उड़ानें तकनीकी खराबी समेत अलग-अलग कारणों से रद्द कर दी गईं।

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे के बाद एयरलाइन के ऑपरेशन में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। मंगलवार को एयर इंडिया इंटरनेशनल की कुल सात उड़ानें तकनीकी खराबी समेत अलग-अलग कारणों से रद्द कर दी गईं। कैंसिल हुई फ्लाइट्स में से छह बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर थीं, जो अहमदाबाद में हादसे का शिकार हुई थी। एयर इंडिया की अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट रद्द कर दी गई है। यह वही रूट है, जिस पर एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त हुई थी।

कैंसिल हुई फ्लाइट्स में से छह बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर थीं, जो अहमदाबाद में हादसे का शिकार हुई थी

रद्द हुई फ्लाइट के यात्रियों के लिए एयर लाइंस ने होटल में रुकने की व्यवस्था की

अलग-अलग तरह के कारण गिनाए, इनमें तकनीकी खराबी, जांच व विमान की अनुपलब्धता



### अहमदाबाद से लंदन की फ्लाइट में भी बाधा

*मंगलवार दोपहर अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना होने वाली एअर इंडिया की उड़ान को परिचालन संबंधी मुद्दों के कारण रद्द कर दिया गया है। अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए एआई-159 की उड़ान रद्द कर दी गई है। विमान को सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से तय समय से देरी से दोपहर तीन बजे रवाना होना था। एयर इंडिया ने कहा कि अहमदाबाद से गैटविक के लिए उड़ान संख्या एआई 159 को विमान की अनुपलब्धता के कारण रद्द कर दिया गया है। इसकी वजह हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों और अतिरिक्त ऐहतियाती जांच है। हम होटल में ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं और यात्रियों की ओर से विकल्प चुनने पर रद्दीकरण या पूर्ण धन वापसी की पेशकश भी कर रहे हैं।*

### बम की धमकी का आया था कॉल

### इंडिगो विमान की नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग



**नागपुर।** कोच्चि से दिल्ली जा रही इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में मंगलवार को बम की धमकी से हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के चलते विमान की नागपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, जहां सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और विमान की जांच की गई।

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार का बड़ा फैसला

# अमरनाथ यात्रा मार्ग नो फ्लाई जोन घोषित, ड्रोन भी प्रतिबंधित



### 3 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

मुंबई हलचल / श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में होने वाली अमरनाथ यात्रा को लेकर सरकार ने सभी रास्तों को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। इसके साथ ही पूरी यात्रा के दौरान किसी तरह के ड्रोन और गुब्बारों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही इन मार्गों से किसी भी तरह विमानन प्लेटफॉर्म को प्रतिबंधित किया है।

जम्मू कश्मीर सरकार ने ये फैसला सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए लिखा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिए गए सलाह के बाद जेके सरकार ने ये फैसला लिया है। प्रदेश के गृह विभाग द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि इस साल 2025 में श्री अमरनाथ जी यात्रा के दौरान सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से यात्रा के सभी मार्गों को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया जाता है।

### सुरक्षा बलों के लिए लागू नहीं होंगे नियम

आदेश में ये भी कहा गया है कि इस प्रकार यूएवी, ड्रोन और गुब्बारे आदि सहित किसी भी प्रकार के उड़ने वाले हवाई गैजेट्स की उड़ान को 1 जुलाई 2025 से 10 अगस्त 2025 तक प्रतिबंधित है। आदेश में कहा गया है कि ये प्रतिबंध चिकित्सा निकासी, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा बलों द्वारा निगरानी के मामलों में लागू नहीं होंगे। ऐसे अपवादों के लिए एक विस्तृत एसओपी बाद में जारी किया जाएगा। हर वर्ष होने वाली अमरनाथ तीर्थ यात्रा इस बार 3 जुलाई से शुरू होने वाली है, जो 8 अगस्त तक चलेगी। इस यात्रा की सुरक्षा को घाटी की सबसे बड़ी सुरक्षा कवायदों में से एक माना जाता है। हर साल देश भर से लाखों तीर्थयात्री हिमालय स्थित गुफा मंदिर की यात्रा करते हैं। इस यात्रा के तहत पहलगाम और सोनमर्ग जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों से होकर पहुंचा जा सकता है।

# प्रेमी के सामने ही युवती से गैंगरेप, बारी-बारी से बनाया हवस का शिकार; 7 हिरासत में



**गोपालपुर।** ओडिशा के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गोपालपुर समुद्र तट पर एक सुनसान स्थान में 20-वर्षीय लड़की के साथ करीब 10 लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यहां एक निजी कॉलेज की स्नातक छात्रा द्वारा सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद गोपालपुर थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, लड़की तीन अन्य महिलाओं के साथ निजी मेस में रहती थी और रविवार को राजा उत्सव के अवसर पर वह अपने सहपाठी एवं प्रेमी के साथ समुद्र तट पर गई थी। लड़की ने अपनी शिकायत में कहा कि वे एक सूनसान जगह पर बैठे थे उसी समय 10 लोगों का एक समूह 3 मोटर साइकिल से उनके पास आया और उन्होंने उसके प्रेमी को पकड़ लिया, जिसके बाद बारी-बारी से उसके (लड़की के) साथ दुष्कर्म किया गया। उस समूह ने कथित तौर पर जोड़े के फोटो लेना शुरू कर दिया और लीक करने की धमकी देने लगे। बरहामपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सरवण विवेक एम ने बताया कि अपराध में संलिप्तता के संदेह में कम से कम सात लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एसपी जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। एसपी ने बताया, 'हिरासत में लिये गए सभी लोग वयस्क हैं और हम उनसे विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ कर रहे हैं।'

पुलिस के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हिरासत में लिये गए लोग स्थानीय नहीं थे और वे राजा उत्सव के अवसर पर समुद्र तट पर आए थे। पुलिस ने बताया कि जांच के तहत पीड़िता और हिरासत में लिए गए लोगों का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा।


दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अंतरिक्ष से आ रही आफत! धरती को छूकर गुजरेगा स्टेडियम जितना बड़ा एस्टेरॉयड

वॉशिंगटन। इस हफ्ते कई क्षुद्रग्रह पृथ्वी की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। हालांकि, इनसे घबराने वाली कोई बात नहीं है, क्योंकि ये केवल धरती के करीब से गुजरेंगे। नासा का कहना है कि इन एस्टेरॉयड में एक स्टेडियम के आकार का भी क्षुद्रग्रह शामिल है ,जो 22 जून को धरती के करीब से गुजरेगा।

## नासा की नजर

नासा हमेशा इन जैसी बड़ी अंतरिक्ष वस्तुओं पर हमेशा ही बहुत बारीकी से नजर बनाए रखता है। एजेंसी को एस्टेरॉयड वॉच डैशबोर्ड नामक एक प्रणाली का उपयोग करने के लिए जाना जाता है। ये तकनीक हर बार किसी ऐसी चीज के पास आने पर उसकी तारीख, अनुमानित आकार और धरती से दूरी की निगरानी भी करता है। कोई भी अंतरिक्ष की वस्तु जो 150 मीटर बड़ी हो और धरती से लगभग 4.6 मिलियन से नजदीक आ सकती है, उसे संभावित खतरे की कैटेगरी में रखा जाता है। 16 जून को क्षुद्रग्रह 2025 एचएन6, जो लगभग एक हवाई जहाज के आकार का था धरती के पास से गुजरा, जिसकी दूरी धरती से 2,440,000 किलोमीटर की थी। यह धरती से बहुत दूरी से गुजरते हैं, जिन्हें खुली आंखों से देखना संभव नहीं हो सकता।




## अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी का अनुमान

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला का अनुमान है कि इनमें से सबसे बड़ा क्षुद्रग्रह जिसे 2003 एवाई2 के नाम से जाना जाता है, 366 मीटर चौड़ा और धरती के 60 लाख किलोमीटर के करीब से गुजरेगा। 18 और 19 जून को 2 हवाई जहाज के आकार के क्षुद्र ग्रह पृथ्वी के करीब से गुजरेंगे। लोवेल ऑब्जर्वेटरी नियर-अर्थ-ऑब्जेक्ट सर्च एक प्रोजेक्ट है, जिसे धरती के करीब परिक्रमा करने वाले क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं की खोज के लिए बनाया गया है।

# बॉयफ्रेंड ने क्यों किया हरियाणा की मॉडल शीतल का मर्डर, कार नहर में गिराकर किया गुमराह

**चंडीगढ़।** हरियाणा की मॉडल शीतल चौधरी की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार कर लिया है। बीते सोमवार को शीतल की लाश खरखौदा के पास एक नहर में मिली थी। शीतल की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने कॉल डीटेल खंगाली तो सुनील का मोबाइल नंबर मिला। जांच शुरू की गई तो शक होने पर सुनील को गिरफ्तार कर लिया गया। कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने शीतल की हत्या की बात कबूल कर ली। पुलिस ने आरोपी सुनील को गिरफ्तार करने के साथ कोर्ट में पेश किया जिसके बाद उसे रिमांड पर लिया गया है। अब सुनील से पुलिस पूछताछ करेगी और जानेंगी कि उसने शीतल का कत्ल क्यों किया। ऐसे में शीतल मर्डर केस में जल्द ही सच सामने आने की संभावना है। हरियाणवी मॉडल शीतल 14 जून को घर से एक एल्बम शूट करने के जाने की बात कहकर निकली थी लेकिन उसके बाद लापता हो गई। 15 जून को उसकी लाश खरखौदा के पास नहर में पाई गई थी। शीतल के बॉयफ्रेंड सुनील ने इस हत्याकांड में पुलिस को चकमा देने की भरपूर कोशिश की थी लेकिन सफल नहीं हो पाया। उसने नहर में कार गिरने का नाटक भी किया था। वह भागने की फिराक में था लेकिन पुलिस ने उसे पार्क अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर लिया। सुनील इसराना का रहने वाला है और काफी समय से शीतल के साथ रिलेशनशिप में था। शीतल पांच भाई बहनों में चौथे नंबर की थी।



**शादीशुदा था आरोपी सुनील, इसलिए तो नहीं की हत्या :** हरियाणवी मॉडल शीतल चौधरी की हत्या के मामले में सुनील हर एंगल पर जांच कर रही है। आरोपी सुनील को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोर्ट से रिमांड मिलने के बाद अब पुलिस उससे पूछताछ करेगी। ये पता चला है कि आरोपी सुनील पहले से शादीशुदा था। ऐसे में पुलिस ये अंदाजा भी लगा रही है कि शायद सुनील पर शीतल शादी करने का दबाव बना रही थी इसलिए उसने उसे रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। ऐसे कई सवालों के जवाब पुलिस की पूछताछ में जल्द ही साफ हो जाएंगे। इसके साथ ही हत्या में प्रयोग किया गया चाकू भी बरामद करने की कोशिश की जाएगी।

## सरहज और ननदोई में इश्क, शादी के एक महीना बाद पत्नी को छोड़ उसकी भाभी को लेकर फरार हुआ युवक

**गोंडा।** यूपी गोंडा जिले में धानेपुर इलाके के एक युवक का दिल अपनी सरहज पर आ गया। शादी के महज एक महीने के बाद पत्नी को छोड़ दिया और सरहज को लेकर फरार हो गया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है। धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक युवक की शादी मोतीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में छह मई को हुई थी। शादी में विदाई भी हो गई थी लेकिन इसी दौरान ननदोई और सरहज का दिल एक दूसरे पर आ गया। सरहज ने योजना बनाई और सात जून की रात को आधी रात के बाद ननदोई के साथ फरार हो गई। विवाहिता ने धानेपुर पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसकी शादी धानेपुर इलाके के एक गांव में छह मई 25 को हिन्दू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। उसके पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज उपहार स्वरूप दिया था। विदा होकर जब वह ससुराल गई तब उसके पति सहित अन्य ससुराल वाले यहां तक ननद ननदोई ने कम दहेज लाने का ताना मारते हुए अपशब्द कहते हुए मारपीट करने लगे। यही नहीं 30 मई की सुबह मारपीट कर उसके मायके के निकट बाजार में लाकर छोड़ कर चले गए। वापस ससुराल आने पर जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह वह मायके पहुंची और अपना इलाज कराया। यूपी गोंडा जिले में धानेपुर इलाके के एक युवक का दिल अपनी सरहज पर आ गया। शादी के महज एक महीने के बाद पत्नी को छोड़ दिया और सरहज को लेकर फरार हो गया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है। धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक युवक की शादी मोतीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में छह मई को हुई थी। शादी में विदाई भी हो गई थी लेकिन इसी दौरान ननदोई और सरहज का दिल एक दूसरे पर आ गया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# निर्माता-निर्देशक रूपेश राय सिकंद के बर्थडे सेलिब्रेशन में शामिल हुए दिलशाद एस. खान सहित कई दिग्गज

## दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान सहित सभी मेहमानों ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बॉलीवुड के चर्चित निर्माता-निर्देशक रूपेश राय सिकंद के जन्मदिन के खास मौके पर आयोजित भव्य पार्टी में फिल्म जगत की कई नामचीन हस्तियां मौजूद रहीं। इनमें दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान, पंकज बेरी, नारी सम्मान संघटन की राष्ट्रीय अध्यक्षा सुंदरी ठाकुर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय दुबे, पवन चौहान, शाइस्ता अंसारी, शुजात जी, नितिन दीवान, और हिमांशी गौर जैसी हस्तियाँ शामिल रहीं। सभी ने रूपेश राय को दिल से जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पार्टी के दौरान शानदार केक काटकर बर्थडे का जश्न मनाया गया। रूपेश राय सिकंद ने इस खास मौके पर सबसे पहले एयर इंडिया के प्लेन क्रैश पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, 'जब मैंने इस घटना के बारे में सुना तो स्तब्ध रह गया। इतने सारे मुसाफिरों की जान गई और दुर्घटनास्थल के आसपास भी नुकसान हुआ है। जो लोग अपने प्रियजनों को खो चुके हैं, उनके लिए मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।' रूपेश राय ने मीडिया और मेहमानों की भारी संख्या में उपस्थिति पर खुशी जाहिर की और कहा, 'मेरा जन्मदिन इस बार बेहद खास बन गया क्योंकि सभी मेहमानों और मीडिया ने मुझे बधाई दी और मेरे काम को सराहा। मैं सभी का तहे दिल से आभार प्रकट करता हूं। मैं ऋषिकेश मुखर्जी के सिनेमा से प्रेरित हूं और अपने प्रोजेक्ट्स में हमेशा शुद्ध मनोरंजन को प्राथमिकता देता हूं।' उन्होंने आगे बताया कि वे पंकज बेरी के साथ एक नया प्रोजेक्ट कर रहे हैं जिसमें उनका किरदार एकदम अलग और चुनौतीपूर्ण होगा। साथ ही उन्होंने प्रसिद्ध निर्देशक अरशद भाई के साथ भी भविष्य में एक प्रोजेक्ट करने की इच्छा जताई। रूपेश राय प्रोडक्शन लंबे समय से इंडस्ट्री में सक्रिय है। हाल ही में उन्होंने 'ताल ट्यून म्यूजिक' नाम से एक भक्ति संगीत कंपनी की शुरूआत की है और अब 'हाउस ऑफ ड्रामा पिक्चर्स' नामक एक नया युथ-ओरिएंटेड वर्टिकल चैनल भी लॉन्च करने की योजना में हैं, जिसकी अधिकतर शूटिंग केरल में होगी। इस दौरान लेखक सौरभ जी ने भी खुलासा किया कि उन्होंने पंकज बेरी को ध्यान में रखते हुए एक विशेष स्क्रिप्ट तैयार की है। शो की शुरूआत एक प्रेम कहानी के रूप में होती है जो आगे चलकर मर्डर मिस्ट्री में बदल जाती है।

दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान ने उन्हें अपना भाई बताते हुए ढेरों शुभकामनाएं दीं। पंकज बेरी ने कहा, 'मैं रूपेश जी को दिल से शुभकामनाएं देता हूं। वे स्वस्थ, मस्त और हमेशा शानदार प्रोजेक्ट्स बनाते रहें।' वहीं, नारी सम्मान संगठन की अध्यक्षा सुंदरी ठाकुर ने कहा, 'रूपेश जी और उनका परिवार बेहद अच्छे हैं, वे एक शानदार इंसान और बेहतरीन निर्माता-निर्देशक हैं।' पार्टी का माहौल बेहद गर्मजोशी भरा और यादगार रहा। यह बर्थडे पार्टी रूपेश राय सिकंद के व्यक्तित्व और उनके सृजनात्मक योगदान का शानदार उत्सव बनकर सामने आई।










दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




# सलमान खान की सिकंदर बनी मेकर्स के लिए मुसीबत

**सलमान खान** की ईद 2025 पर रिलीज हुई फिल्म सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर भले ही शुरूआती दिनों में ठीक-ठाक प्रदर्शन कर पाई हो, लेकिन अब यह फिल्म मेकर्स के लिए आर्थिक संकट का कारण बन गई है। फिल्म को लेकर सामने आई ताजा रिपोर्ट्स में पायरेसी से हुए 91 करोड़ रुपये के नुकसान का खुलासा हुआ है, जिससे पूरी इंडस्ट्री में हलचल मच गई है। 'सिकंदर' ने भारत में करीब 110 करोड़ और वर्ल्डवाइड 184 करोड़ की कमाई की। हालांकि, फिल्म की रिलीज के कुछ ही घंटों में इसका पायरेटेड वर्जन इंटरनेट पर लीक हो गया था। फिल्म में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना लीड रोल में थीं और शुरूआत में इसे लेकर दर्शकों में उत्साह भी देखा गया था, लेकिन जैसे-जैसे पायरेसी का असर पड़ा, कमाई में गिरावट आने लगी। सूत्रों के अनुसार, मेकर्स ने इस नुकसान की जांच के लिए अर्नस्ट एंड यंग जैसी नामी ऑडिट कंपनी को नियुक्त किया था। रिपोर्ट में यह सामने आया कि फिल्म की लीकिंग से लगभग 91 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। खास बात यह रही कि लीक हुए संस्करण में थिएटर में रिलीज न किए गए कुछ इमोशनल और बैकग्राउंड डेवेलपमेंट वाले सीन्स भी थे, जो दर्शकों को आधिकारिक रिलीज में देखने को नहीं मिले।

# रश्मिका मंदाना की कुबेर को मिला विजय देवरकोंडा का साथ

**साउथ इंडस्ट्री** की पॉपुलर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म ह्यकुबेरह्ण को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में रश्मिका के साथ दो साउथ के दिग्गज अभिनेता, धनुष और नागार्जुन भी नजर आएंगे। यह फिल्म न सिर्फ स्टारकास्ट बल्कि इसके निर्देशक शेखर कम्मुला के कारण भी खास मानी जा रही है। इसी बीच रश्मिका को एक खास सपोर्ट मिला है, उनके कथित बॉयफ्रेंड और सुपरस्टार विजय देवरकोंडा का। विजय देवरकोंडा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर कुबेर की टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि कुबेर को बड़े पर्दे पर आने के लिए शुभकामनाएं। शेखर कम्मुला सर मेरी जर्नी में हमेशा खास रहेंगे। उन्होंने मुझे और जैसे कई एक्टर्स को उम्मीद दी। अब उन्हें इस स्तर पर कहानी कहते देखना उत्साहजनक है, जिमसें धनुष, नागार्जुन सर और रश्मिका जैसी पसंदीदा कलाकारों शामिल हो। विजय की यह पोस्ट इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि रश्मिका मंदाना और विजय के अफेयर की खबरें लंबे समय से चर्चा में रही हैं। दोनों को अक्सर एकसाथ इवेंट्स में देखा गया है और कई बार उनकी साथ में छुट्टियां मनाने की तस्वीरें भी वायरल हुई हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।







ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. - 2014

G.D. JALAN COLLEGE
Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board
(MARWARI MINORITY) NAAC Accredited with B+ Grade, ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COLLEGE
College Code : 527
Junior College
F.Y.J.C/ S.Y.J.C (Science & Commerce)
Degree College
B. Com • B.A.F • B.Sc.I.T • B.M.S • B.Sc
ADMISSIONS OPEN
Contact Number : 9326346900 / 9326335467
Upper Govind Nagar, Malad (East)